भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : **89**
दिनांक 27 जून , 2019 / 6 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानपत्तनों का आधुनिकीकरण**

*** 89. श्री ए. राजा:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देशभर में अंतर्राष्ट्रीय/घरेलू विमानपत्तनों की संख्या तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है;

(ख) क्या केंद्र सरकार देश में व्यस्ततम विमानपत्तनों का कायाकल्प/आधुनिकीकरण करने का विचार कर रही है और यदि हां, तो तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देशभर में इस कायाकल्प हेतु अनुमानित धनराशि राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है तथा इस संबंध में निर्धरित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केंद्र सरकार ने इस संबंध में तमिलनाडु राज्य सरकार के साथ किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"विमानपत्तनों के आधुनिकीकरण" के संबंध में दिनांक 27.6.2019 के लोक सभा के मौखिक (*) प्रश्न संख्या 89 के भाग (क),(ख), (ग) तथा (घ) के उत्तर में सन्दर्भित विवरण।

(क): देश में कुल 103 अंतर्देशीय हवाईअड्डे हैं, 10 सीमाशुल्क हवाईअड्डे तथा 28 अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे हैं। राज्य/ संघ शासित प्रदेश वार विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ख): हवाईअड्डों का आधुनिकीकरण एक सतत् प्रक्रिया है तथा इसका निर्वाह, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) एवं संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा समय समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक महत्व, यातायात मांग/ ऐसे हवाईअड्डों इत्यादि से / के लिए प्रचालन करने के प्रति एयरलाइनों की तत्परता इत्यादि के आधार पर किया जाता है। मांग को पूरा करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अगले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में कोयम्बटूर, चेन्नै, मदुरै, त्रिची एवं तूतीकोरिन, असम में गुवाहाटी, मणिपुर में इम्फाल, राजस्थान में जयपुर तथा उदयपुर, जम्मू व कश्मीर में लेह, जम्मू तथा श्रीनगर, उत्तर प्रदेश में आगरा, कानपुर एवं वाराणसी, आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा, तेलांगना में हैदराबाद, बिहार में पटना तथा बिहटा, उड़ीसा में भुवनेश्वर, गुजरात में राजकोट तथा महाराष्ट्र में कोल्हापुर एवं पुणे सहित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हवाईअड्डों के विकास / आधुनिकीकरण / उन्नयन के लिए 25,000 करोड़ रुपए की पूंजी व्यय (कैपेक्स) योजना तैयार की गई है।

(ग) : देश भर में हवाईअड्डों के आधुनिकीकरण के लिए अनुमानित निधियों एवं निर्धारित लक्ष्यों का राज्य/संघ शासित प्रदेश वार विवरण अनुलग्नक – II में दिया गया है।

(घ): जी, नहीं। विकास कार्य चूंकि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के स्वामित्व वाले हवाईअड्डों पर किए जा रहे हैं अतः इसके लिए तमिलनाडु राज्य सरकार के साथ किसी समझौता ज्ञापन पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक - 1

| राज्य / संघ शासित प्रदेश | अंतर्देशीय हवाईअड्डों की संख्या | सीमा शुल्क हवाईअड्डों की संख्या | अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों की संख्या |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 3 | 1 | 2 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | | |
| असम | 7 | | 1 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | | | 1 |
| बिहार | 3 | 2 | 0 |
| चंडीगढ़ (यूटी) | | 1 | |
| छत्तीसगढ़ | 2 | | |
| दिल्ली | 1 | | 1 |
| दमण और दीव (संघ शासित प्रदेश) | 1 | | |
| गोवा | 0 | | 1 |
| गुजरात | 9 | 1 | 1 |
| हिमाचल प्रदेश | 3 | | |
| झारखंड | 4 | | |
| जम्मू और कश्मीर | 2 | | 1 |
| कर्नाटक | 4 | | 2 |
| केरल | 0 | | 4 |
| लक्षद्वीप | 1 | | |
| मध्य प्रदेश | 7 | 1 | |
| महाराष्ट्र | 7 | 2 | 3 |
| मणिपुर | | | 1 |
| मेघालय | 1 | | |
| मिजोरम | 1 | | |
| नागालैंड | 1 | | |
| ओडिशा | 1 | | 1 |
| पंजाब | 4 | | 1 |
| पुद्दुचेरी | 1 | | |
| राजस्थान | 6 | | 1 |
| सिक्किम | 1 | | |
| तमिलनाडु | 4 | 1 | 3 |
| तेलंगाना | 3 | | 1 |
| त्रिपुरा | 4 | | |
| उत्तर प्रदेश | 11 | | 2 |
| उत्तराखंड | 2 | | |
| पश्चिम बंगाल | 5 | 1 | 1 |
| **योग** | 103 | 10 | 28 |

**अनुलग्नक - II**

| राज्य / संघ शासित क्षेत्र | क्र.सं. | हवाई अड्डा | लागत (करोड़) | पूरा होने की संभावित तिथि | टिप्पणियों |
|---|---|---|---|---|---|
| **असम** | 1 | गुवाहाटी | 1142 | मार्च -22 | नए टर्मिनल भवन, कंट्रोल टॉवर, हैंगर, फायर स्टेशन, कार पार्क, सबस्टेशन, कार्गो और सहायक भवनों का निर्माण। |
| **आंध्र प्रदेश** | 2 | कोड्डप्पा | 90.44 | अगस्त-19 | आइसोलेशन बे के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा रनवे, टैक्सीवे और एप्रन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण |
| | 3 | तिरुपति | 177 | फरवरी-20 | अन्य विविध कार्यों के साथ साथ रनवे का विस्तार और सुदृढ़ीकरण (2286 से 3810 मीटर) |
| | 4 | विजयवाड़ा | 611 | दिसम्बर 21 | एप्रन, एटीसी टॉवर और संबंधित कार्यों सहित एनआईटीबी का निर्माण। |
| | 5 | विशाखापत्तनम (सीई) | 54 | अगस्त-19 | विजाग हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन का लीनियर विस्तार |
| **बिहार** | 6 | पटना | 1216.9 | अक्टूबर-22 | |
| | 7 | बिहटा | 950.75 | सितम्बर 22 | |
| **गुजरात** | 8 | राजकोट | 340 | नवम्बर-21 | एनआईटीबी का निर्माण |
| | 9 | सूरत | 138.48 | फरवरी-21 | सूरत हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन का विस्तार। |
| **जम्मू और कश्मीर** | 10 | लेह (सीई) | 323.19 | सितम्बर 21 | नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| | 1 1 | श्रीनगर (सीई) | 495 | जुलाई-22 | एकीकृत टर्मिनल भवन का विकास |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 12 | जम्मू (सीई) | 77 | अप्रैल-20 | रनवे का विस्तार (2042 से 2438 मीटर) |
| कर्नाटक | 13 | मंगलौर | 254 | अप्रैल-20 | मंगलौर हवाई अड्डे पर एनआईटीबी (आगमन साइड) का विस्तार |
| केरल | 14 | तिरूवनंतपुरम | 26.67 | दिसम्बर 19 | एनआईटीबी के पास अतिरिक्त एप्रन और जीएसई क्षेत्र का निर्माण |
| मध्य प्रदेश | 15 | जबलपुर | 140.49 | जून 21 | जबलपुर हवाई अड्डे का उन्नयन जिससे यह एबी -320 प्रकार के विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त हो सके तथा नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| महाराष्ट्र | 16 | कोल्हापुर | 60.53 | दिसम्बर 20 | नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण, एटीसी टॉवर एवं तकनीकी ब्लॉक एवं फायर स्टेशन और संबद्ध कार्य। |
| | 17 | पुणे (सीई) | 358.89 | अप्रैल-21 | एनआईटीबी का निर्माण |
| मणिपुर | 18 | इंफाल | 736 | मार्च -22 | एप्रन बे सहित नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| ओडिशा | 19 | भुवनेश्वर | 935.4 | अगस्त-22 | |
| पंजाब | 20 | अमृतसर | 96 | नवम्बर-19 | अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण |
| | 21 | आदमपुर (सीई) | 105 | मार्च -20 | नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| पुडुचेरी | 22 | पुडुचेरी | 12.54 | सितम्बर 19 | नए एटीसी टॉवर एवं तकनीकी ब्लॉक एवं फायर स्टेशन का निर्माण |
| राजस्थान | 23 | जयपुर | 1557.9 | फरवरी-22 | एकीकृत टर्मिनल भवन का विकास |
| | 24 | उदयपुर | 35.57 | जून 19 | एप्रन का निर्माण, लिंक टैक्सी और आइसोलेशन बे का विस्तार |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **तमिलनाडु** | 25 | कोयंबत्तूर | 175.93 | नवम्बर-21 | नए घरेलू प्रस्थान टर्मिनल भवन और संबद्ध कार्यों का निर्माण |
| | 26 | चेन्नई | 2729.54 | फरवरी-22 | चेन्नई एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण |
| | 27 | मदुरै | 25.71 | जनवरी-20 | एप्रन और संबद्ध कार्य का विस्तार |
| | 28 | त्रिची | 951 | नवम्बर-21 | यात्री टर्मिनल भवन और एप्रन, एटीसी टॉवर का निर्माण और संबंधित कार्यों का उन्नयन |
| | 29 | तूतीकोरिन | 380.87 | अगस्त-21 | रनवे का विस्तार, नई घरेलू टर्मिनल भवन और विविध कार्य |
| **तेलंगाना** | 30 | हैदराबाद (बेगमपेट) | 366.48 | अप्रैल-21 | नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन परिसर का निर्माण |
| **त्रिपुरा** | 31 | अगरतला | 438 | दिसम्बर 19 | नए एकीकृत टर्मिनल भवन और संबंधित कार्यों का निर्माण |
| **उत्तर प्रदेश** | 32 | आगरा (सीई) | 398 | मई -21 | नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| | 33 | कानपुर (सिविल) | 170 | जनवरी -21 | नए टर्मिनल भवन का निर्माण |
| | 34 | लखनऊ | 1484.88 | अगस्त-21 | एकीकृत टर्मिनल भवन का विकास |
| | 35 | वाराणसी | 750 | अप्रैल-22 | मौजूदा टर्मिनल भवन का विस्तार |
| | 36 | बरेली (सीई) | 32.99 | दिसम्बर 19 | न्यू सिविल एन्क्लेव का विकास |
| **उत्तराखंड** | 37 | देहरादून | 348 | सितम्बर 20 | टर्मिनल भवन का विकास |